## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

## संकलित परीक्षा - 2 (२०१६ - २०१७)

## कक्षा - दसवीं

## पाठ्यक्रम - हिंदी 'ब'

निर्धारित समय - ३ घंटे अधिकतम अंक -90

समान्य निर्देश

1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए

### खंड क

१. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छांटकर लिखिए

भारत एक स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। इस राष्ट्र में दक्षिण में स्थित कन्याकुमारी से लेकर **उत्तर** में **कश्मीर** तक विस्तृत भू भाग है। यह भू भाग अनेक राज्यों के मध्य बंटा हुआ है। यहां अनेक धर्मानुयायी तथा भाषा भाषी लोग रहते हैं। संपूर्ण राष्ट्र का एक ध्वज, एक लोकसभा, एक राष्ट्रचिन्ह तथा एक ही संविधान है। भारत की सर्वाधिक उल्लेखनीय विशेषता विविधता में एकता है। यहां पर विभिन्न धर्म, जाति तथा संप्रदाय के लोग रहते हैं। सभी लोग के **रीति रिवाजों**, बोली, भाषा व रहन सहन भिन्न भिन्न हैं। भौगोलिक दृष्टि से देखें तो यहां पर ऊंचे ऊंचे पहाड **हैं** तो कही समतल है। कही उपजाऊ भूमि तो **कहीं** रेगिस्तान। दक्षिण में हिंद महासागर लहलहाता है। आधुनिक काल में एक से एक द्रुतगामी यातायात के साधन बन चुके है जिससे देश की यह भौगोलिक सीमा सिकुड गई है। अब एक भाग से दूसरे भाग में हम शीघ्र ही पहुंच सकते है। सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो संपूर्ण देश में एक अदभुत समानता दिखाई पड़ती है। विभिन्न धर्मो के धर्मावलंबी संपूर्ण देश में पाए जाते हैं। इसके बावजूद सारा देश वस्तुतः एक ही सूत्र मे बंधा है। भारतीय संस्कृति में ढले प्रत्येक व्यक्ति की अपनी पहचान है। इस पहचान

के कारण इस देश के लोग एक दूसरे से अपना भिन्न अस्तित्व रखते **हैं**। यह सांस्कृतिक एकता ही वस्तुतः इस देश की यह शक्ति है जिससे इतना बडा देश एक सूत्र मे बंधा हुआ है।विविधता में एकता की इसी विशेषता पर सभी भारतीय गर्व करते है तथा इस पर संसार दंग है। ऱाष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अनेक प्रयत्न किए गए है। जनता में जागृति भी आई किंतु स्थायी नहीं रह पाती। चाहे **स्थिति** में बहुत **बड़ा** परिवर्तन नही आया परंतु शनै: शनै: भावनात्मक एकता का विकास हुआ। इस समय **कहीं–कहीं** पृथकतावादी विचारधारा पनप रही है और हमें ऐसी स्थिति में प्रत्येक भारतीय को संकीर्ण विचारधारा का परित्याग कर व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। तभी हमारी राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण बनी रह सकती है, जो आज की एक महत्वपूर्ण अपेक्षा है।

2x6=12

क) राष्ट्र का निर्माण कौन सी चीजें मिलकर कर सकती हैं?

ख) भारत की उल्लेखनीय विशेषता क्या है?

ग) देश की भौगोलिक सीमा किस प्रकार सिकुड गई प्रतीत होती है?

ध) सांस्कृतिक दृष्टि से देश में क्या समानता दिखाई पडती है?

ड) भारत में अनेकता में एकता कैसे है?

च) हमारी राष्ट्रीय एकता कैसे अक्षुण्ण बनी रह सकती है?

प्र. 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए 2x4=8

जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद। जीवन अस्थिर, अनजाने ही हो जाता पथ पर मेल कहीं, सीमित पग पग लंबी मंजिल तय कर लेना कुछ खेल नहीं, दांए बांए सुख-दुख चलते सम्मुख सम्मुख चलता पथ का **प्रमाद,** जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस-उस राही को धन्यवाद।

जो साथ न मेरा दे पाए, उनसे कब सूनी हुई डगर, मै भी न चलूं यदि तो भी क्या राही मर लेकिन राह अगर इस पथ पर वे ही चलते हैं, जो चलने का पा गए स्वाद जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला उस उस राही को धन्यवाद।

क) कवि के अनुसार जीवन कैसा है?

ख) जीवन रुपी यात्रा में कैसे कैसे अनुभव आते है?

ग) मंजिल तय करना खेल क्यों नहीं है?

ध) कवि किसको धन्यवाद करता है और क्यों?

**खंड ख**

प्र. 3

क) उदाहरण से शब्द व पद का अंतर स्पष्ट कीजिए 1

ख) व्याकरण के नियमों से बंधे वाक्य में प्रयुक्त शब्द को _____कहते है 1

ग) निर्देशानुसार वाक्य रुपांतरण कीजिए 1x3=3

(i) कपिल ने बुलाया पर यश नही आया (सरल वाक्य)

(ii) कल बहुत सर्दी होने के कारण हम कहीं नहीं गए (संयुक्त वाक्य)

(iii) सदाचारी लोग सबका आदर पाते हैं (मिश्र वाक्य)

प्र. 4 क) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए

(i) शुभागमन 1

(ii) वीणापाणि 1

ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त पद रूप में लिखकर समास का नाम लिखिए

(i) जीवन से मुक्त 1

(ii) सात सौ (दोहों) का समाहार 1

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए

यदि मनुष्य मन में दृढ़ निश्चय कर ले तो वह _________सकता है। 1

प्र. 5

क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए

(i) कुसंग सदबुद्धि और विवेक का नाश करती है। 1

(ii) उस मकान के गिरने की आशा है। 1

(iii) उसने आने के लिए बोला था। 1

(iv) सभी नेताओं के जोशीला भाषण दिया था। 1

ख) सन्नाटे में होना मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। 1

**खंड - ग**

प्र. 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

क) पाठ 'गिन्नी का सोना' के संदर्भ में शुद्ध आदर्श क्या है? 2

ख) जनरल साहब के बावर्ची ने कुत्ते के बारे मे क्या कहा? 2

ग) अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं? 1

प्र. 7 'मट्टी से मट्टी मिले' का आशय स्पष्ट कीजिए? 5

प्र. 8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उतर लिखिए

किस्सा क्या हुआ था उसको पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुंचा दिया और तीन लाख रूपया सालाना वजीफा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे

कलकता (कोलकता) तलब किया। वजीर अली कंपनी के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकता में क्यों तलब करता है। वकील ने उसकी शिकायत की परवाह नहीं की, उलटा उसे भला बुरा सुना दिया। वजीर अली के दिल में तो अंग्रेजो के खिलाफ कूट कूटकर भरी नफरत को उसने अपने खंजर से वकील का काम तमाम करके किया।

क) यहां किस किस्से की बात की गई? 2

ख) वजीर अली किस बात से गवर्नर जनरल से नाराज हो गया? 2

ग) वजीर अली ने वकील का कत्ल क्यों किया? 1

प्र. 9क) कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है? 2

ख) पीले वस्त्र में सुशोभित कृष्ण के रूप में सौंदर्य का वर्णन कीजिए 2

ग) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ की है? 1

प्र. 10. कर चले हम फिदा गीत के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? 5

अथवा

आत्मत्राण कविता में कवि की प्रार्थना सबसे भिन्न क्यों है?

प्र. 11. टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर बच्चो की मनोवृति पर किस प्रकार प्रकाश डाला गया है? 5

अथवा

सपनों के से दिन पाठ के आधार पर आजकल स्कूली शिक्षा प्रणाली में क्या परिवर्तन आए हैं?

## खंड घ

प्र. 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

क) बालिका शिक्षा आज की आवश्यकता

- सर्वसमान
- लिंग के आधार पर अंतर गलत
- बालिका से परिवार का आधार
- उज्जवल भविष्य

ख) विश्वशांति

- शब्द का अर्थ
- आवश्यकता
- संभावित उपाय
- लाभ

ग) हस्तकला तथा शिल्प

- भूमिका
- इतिहास
- वर्तमान **स्थिति**
- भविष्य

प्र. 13. अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को पत्र लिखिए

5

अथवा

टी. वी. पर प्रसारित होने वाले ऐतिहासिक धारावाहिकों की प्रशंसा करते हुए सूचना मंत्रालय को पत्र लिखिए।

प्र. 14. आप विद्यालय में ‘रक्त दान’ शिविर का आयोजन करना चाहते हैं। इसी से संबधित सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए। 5

प्र. 15. वर्षा के पश्चात अपने आस पास के इलाके की सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के संबध मे दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

प्र. 16. आप अपनी साइकिल बेचना चाहते हैं उससे संबधित विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**नमूना उत्तर पत्र**

**संकलित परीक्षा - 2 (२०१६ - २०१७)**

**कक्षा - दसवीं**

**पाठ्यक्रम - हिंदी 'ब'**

**खंड क** **अंक 90**

**( अपठित अंश )**

1.

2x6=12

क) भारत एक स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। यहां अनेक धर्मानुयायी तथा भाषा भाषी लोग रहते हैं। एक ध्वज, एक लोकसभा, एक राष्ट्रचिन्ह तथा एक ही संविधान मिलकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

ख) भारत की सर्वाधिक उल्लेखनीय विशेषता अनेकता में एकता है। भारत में विभिन्न धर्म, जाति तथा संप्रदाय के लोग रहते हैं। सभी लोगों की भाषा तथा बोली तो अलग ही है लेकिन प्राकृतिक रूप से भी पहाड़, रेगिस्तान, ऊपजाऊ भूमि तथा समतल मैदान भी इसे विविधता प्रदान करते है।

ग) आधुनिक काल में द्रुतगामी यातायात के साधन बन गए हैं जिसके कारण हम एक भाग से दूसरे भाग में शीघ्र ही पहुंच जाते है। इसी कारण देश की भौगोलिक सीमा सिकुड गई प्रतीत होती है।

घ) सांस्कृतिक दृष्टि से संपूर्ण देश में विभिन्न धर्मो के धर्मावलंबी संपूर्ण देश में पाए जाते है। इसी सांस्कृतिक एकता की शक्ति के कारण इतना बडा देश एक सूत्र मे बंधा हुआ है।

ड) यहां के रहन सहन, भाषा, बोली, विभिन्न त्यौहार एवं रिवाजों की अनेकता के बावजूद भावनात्मक रूप से एक दूसरे से जुडे हैं।

च) यदि प्रत्येक भारतीय संकीर्ण विचारधारा का परित्याग कर व्यापक दृष्टिकोण अपना ले तभी हमारी राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण बनी रह सकती है। यह आज की एक महत्वपूर्ण अपेक्षा है।

उतर 2 2x4=8

क) जीवन अस्थिर, अनजाना, नश्वर, चंचल, क्षण भंगुर व बाधाओं से भरा होता है। ख) जीवन रुपी यात्रा में कठिनाइयों रूपी पड़ाव, सुख-दुख व प्रमाद के अवसर आते हैं।

ग) मंजिल पाने के लिए विभिन्न परेशानियों का सामना करना पडता है। इसकी राह बहुत लंबी होती है और चलने वाले कदम बहुत छोटे होते हैं इसलिए उसे पा लेना कठिन है।

घ) कवि उन सभी साथियों को धन्यवाद देता है जिन्होंने जीवन रूपी यात्रा में कवि को स्नेह दिया। उनका स्नेह पाकर कवि का जीवन पथ सरल तथा सुहाना हो गया।

**खंड ख**

उतर 3

क) कोई भी उपयुक्त उदाहरण 1

ख) पद 1

ग)

(i) कपिल के बुलाने पर भी यश नहीं आया 1

(ii) कल बहुत सर्दी थी इसलिए हम कहीं नहीं गए 1

(iii) जो लोग सदाचारी होते हैं, वे सबका आदर पाते हैं 1

उतर 4 क)

(i) शुभा है जो आगमन (कर्मधारय समास) 1

(ii) वीणा है पाणी (हाथ) में जिसके (सरस्वती/नारय) (बहुव्रीही समास) 1

ख)

(i) जीवनमुक्त (तत्पुरूष समास) 1

(ii) सतसई (द्विगु समास) 1

ग) आकाश के तारे तोडना 1

उतर 5

क)

(i) कुसंग सदबुद्धि और विवेक का नाश करता है। 1

(ii) उस मकान के गिरने की आशंका है। 1

(iii) उसने आने के लिए कहा था। 1

(iv) सभी नेताओं ने जोशीले भाषण दिए थे। 1

ख) सन्नाटे में होना मुहावरे का अर्थ - स्तंभित होना 1

**(कोई उचित वाक्य)**

## खंड - ग

उतर 6

क) शुद्ध आदर्श वह है जिसमें व्यवहारिकता का स्थान न हो इसके विपरीत आदर्शों को महत्ता दी जाए 2

ख) वह कुत्ता जनरल साहब का नही बल्कि उनके भाई का है। यह कुत्ता बारजोयस नस्ल का है और उन्हें ही इसी नस्ल के कुत्ते पसंद हैं। 2

ग) नूह नामक पैगंबर का असली नाम लशकर ही था। 1

उतर 7 अर्थात व्यक्तिगत पहचान समाप्त, सभी प्राणी मिट्टी से बने। सभी मिट्टियों को मिलाने के बाद उनको अलग अलग करना कठिन, जीवन काल में मनुष्यों में विभिन्नता, मत्यु के पश्चात किसी भी प्रकार की भिन्नता नहीं रहती, मिट्टी का मिट्टी में मिल जाने पर मनुष्य में कितनी मनुष्यता है और पशुता यह भेद भी समाप्त हो जाता है। 5

उतर 8

क) उसे उसके पद से हटाकर बनारस पहुंचा दिया, वहां वजीर अली ने एक वकील का कत्ल कर दिया था। 2

ख) गवर्नर जनरल ने वजीर अली को बनारस से कोलकता बुलाया था। उसे उनके पद से हटाकर बनारस पहुंचा दिया । वजीर अली को बार-बार बनारस जाना पसंद नही था। 2

ग) वकील ने वजीर अली की परेशानी सुनने की बजाय भला बुरा कह दिया। 1

उतर 9क) जिसे सभी लोग याद रखें। ऐसी मृत्यु दूसरों का भला करने पर प्राप्त होती है। जो व्यक्ति परोपकार के लिए जीते तथा मरते हैं, उनकी मृत्यु ही सुमृत्यु होती है। 2

ख) कृष्ण के सांवले शरीर पर पीला वस्त्र ऐसे शोभायमान हो रहा था मानो नीलमणि पर्वत पर प्रातकालीन सूर्य की किरणे बिखरी हों। 2

ग) तालाब की समानता दर्पण के साथ की गई है। 1

उतर 10. देश की रक्षा हमारा धर्म व कर्तव्य, मन में देश की रक्षा के लिए यह भाव आवश्यक है कि देश के मान के लिए सर भी कटवाना पड़े तो सदैव तत्पर रहें, किसी भी रावण रूपी शत्रु के कदम देश में नहीं पडनें देंगे। 5

हममें आत्मबल होना चाहिए कि दुश्मन की हर चाल का मुहंतोड जवाब दे सकें और सीता रूपी देश की पवित्रता की रक्षा हम राम व लक्षमण रूप में करें। देश में लोकतंत्र की रक्षा का कर्तव्य देशवासियों की जिम्मेदारी।

अथवा

प्रत्येक व्यक्ति जीवन के संघर्षो में छुटकारा चाहता है परंतु इस कविता में कवि किसी भी प्रकार की सहायता की इच्छा नहीं करता, उसकी कामना केवल निर्भय, स्वस्थ व अविजित होने की है

वह ईश्वर को **दु:ख की** हर **घड़ी में** भी याद करना चाहता है, वह सदैव आत्मविशवास, धैर्य, शक्ति, पुरूषार्थ व हिम्मत बनाए रखने व निर्भय होकर जीवन जीने **की** प्रार्थना करते है।

उतर 11. टोपी भरे पूरे परिवार में अकेला, उसकी भावनाओं को कोई नहीं समझता, **दादी** का गुस्सा, भाईयों से झगडा, मित्र के **घर** से प्यार परंतु **मजहब** की दीवार, मित्र से दूरी का दर्द, विद्यालय में फेल होने के कारण साथियों व अध्यापकों की उपेक्षा का दर्द। 5

अथवा

आज की स्कूली शिक्षा प्रणाली शारीरिक दंड या किसी भी प्रकार के दंड का विरोध करती है, छात्रों की मनोदशा पर विशेष घ्यान, चहुमुखी विकास के विशेष प्रयत्न, आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के विशेष प्रयास, परीक्षा को भय नहीं अपितु स्वयं को परखने का मापदंड बनाया गया।

**खंड** घ

उतर 12 से उतर 16 (प्रत्येक उतर 5 अंक)

प्रारूप - 2 अंक

विषय वस्तु - 2 अंक

भाषा - 1 अंक